हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

12 सेक्टरों में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज जाम व बरसाती नालों की सफाई...



12 पुस्तकालय केवल सूचना के भंडार नहीं बल्कि ज्ञान सृजन...




## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 5560 रुपये के साथ 4 काबू

**हांसी।** थाना सदर पुलिस ने कुलाना गांव में सरेआम जुआ खेल रहे 4 लोगों को काबू किया है। पकड़े गए चारों आरोपियों के पास से पुलिस ने 5560 रुपये बरामद किए हैं। प्रधान सिपाही बादल सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुलाना गांव की चौपाल में कुछ लोगों द्वारा पतों के साथ सरेआम जुआ खेला जा रहा है।

### संस्कार शिविर कल कुम्हार धर्मशाला में

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था की ओर से प्रति वर्ष झुग्गियों में रहने वाली बेटियों को सुरक्षित और स्वावलंबी बनाने के लिए बालिका जागरूकता एवं संस्कार शिविर का आयोजन किया जाता है। संस्था की संचालक अनु चिनिया ने बताया कि इस बार यह शिविर 9 से 11 जनवरी तक रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कुम्हार धर्मशाला, प्रेम नगर में आयोजित किया जाएगा जिसमें बेटियों को योग, सेल्फ डिफेंस, आर्ट, सेल्फ केयर, हाइजीन और अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां करवाई जाएंगी।

### सनातनियों से हो रहे दुराचार पर रोष जताया

**हिसार।** जिला स्वामी (बैरागी ) सभा हिसार ने सभा के जिला प्रधान बीरबल स्वामी की अध्यक्षता में बैठक कर बंगला देश में सनातनियों के साथ हो रहे दुराचार व हत्याओं पर रोष जताया। बीरबल स्वामी ने कहा कि हर रोज हिन्दुओं की हत्यायें व महिलाओं से दूराचार किया जा रहा है, वहां सनातन से जुड़े लोग, चाहे वे आम जन हो चाहे खास, कोई सुरक्षित नहीं है। जिला स्वामी सभा ने स्वयं भी प्रधानमंत्री से सनातन रक्षा की गुहार लगाई। बैठक में जिला स्वामी सभा के सचिव निरंजन स्वामी, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. इंद्रपाल स्वामी, संरक्षक चंद्र स्वामी, सुरेन्द्र महालक्ष्मी, गोरधन बैरागी, सूबेदार सुभाष, मास्टर नरेश स्वामी, रामफल स्वामी आदि मौजूद रहे।

### हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**आदमपुर।** आदमपुर पुलिस ने कुछ दिन पूर्व भाना-सारंगपुर रोड से 26.260 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में नशीले पदार्थ के सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 10 दिसंबर को नशा निरोधक टीम ने भाना–सारंगपुर रोड क्षेत्र से अमित कुमार उर्फ रावण को काबू कर उसके कब्जे से 26.260 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। मामले की जांच के दौरान सामने आया कि बरामद नशीला पदार्थ गांव पीरावली निवासी सुखविंदर उर्फ काकू द्वारा आरोपी अमित उर्फ रावण को सप्लाई किया गया था। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी सुखविंदर उर्फ काकू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## हिसार में हाईकोर्ट की अलग बेंच, रेरा एवं अन्य न्यायिक फोरमों की स्थापना की रखी जाएगी मांग

# सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत आज हिसार में सीजेआई का ढोल-नगाड़ों से होगा वेल्कम


*पुलिस प्रशासन ने दो एएसपी, 7 डीएसपी व लगभग 900 से अधिक अन्य अधिकारी व कर्मचारी किए तैनात*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला बार एसोसिएशन ने 9 जनवरी को हिसार कोर्ट परिसर में होने वाले भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत के स्वागत समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**कोर्ट और बार परिसर को भव्य रूप से सजाया गया**

इस कार्यक्रम को हिसार के न्यायिक इतिहास की एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। कार्यक्रम में माननीय सीजेआई न्यायमूर्ति सूर्यकांत के साथ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की पूरी न्यायिक गरिमा का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 50 माननीय न्यायाधीशों का आगमन होगा। पूरे कोर्ट और बार परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। माननीय सीजेआई का सम्मान समारोह शाम 5 बजे से 7 बजे तक एडवोकेट पार्किंग स्थल पर बनाए गए कार्यक्रम स्थल पर आयोजित होगा जिसमें वे विशेष रूप से युवा अधिवक्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान अधिवक्ताओं द्वारा हिसार में हाईकोर्ट की अलग बेंच, रेरा एवं अन्य न्यायिक फोरमों की स्थापना की मांग माननीय सीजेआई के समक्ष रखी जाएगी। कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए 100 अधिवक्ताओं को वॉलंटियर नियुक्त किया गया है। माननीय सीजेआई का ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। उधर, जिलाधीश महेंद्र पाल ने भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के 9 व 10 जनवरी के दौरे के दृष्टिगत सभी कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में वर्णित प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत ड्रोन नियम 2021 के तहत रेड जोन घोषित करते हुए निषेधाज्ञा के आदेश पारित किए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश के जिले में कार्यक्रमों के दृष्टिगत पुलिस ने भी कड़े व सुचारू प्रबंध किए हैं। पुलिस प्रशासन ने पूरी व्यवस्था में दो आईपीएस अधिकारियों सहित डीएसपी व अन्य पुलिस फोर्स तैनात की है। पुलिस प्रशासन ने दो एएसपी, 7 डीएसपी व लगभग 900 से अधिक अन्य अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न ड्यूटियों पर तैनात किए हैं।



**हिसार।** सीजेआई सूर्यकांत के अभिनंदन समारोह की तैयारियों का जायजा लेते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### मंच पर होंगे ये गणमान्य

इस अवसर पर मंच पर माननीय सीजेआई न्यायमूर्ति सूर्यकांत, उनकी धर्मपत्नी सविता सूर्यकांत, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू एवं उनकी धर्मपत्नी सुदीप्ति शर्मा, न्यायमूर्ति हरसिमरन सिंह सेठी, न्यायमूर्ति अलका सरीन सहित बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा और सचिव एडवोकेट समीर भाटिया उपस्थित रहेंगे।

### अधिवक्ता यूनिफॉर्म में ही मिलेगा प्रवेश

प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा व सचिव एडवोकेट समीर भाटिया ने बताया कि 1753 अधिवक्ताओं का वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है। सुरक्षा और अनुशासन के मद्देनजर कार्यक्रम में प्रवेश केवल पूर्ण अधिवक्ता यूनिफॉर्म (फुल ड्रेस) और अधिवक्ता पहचान पत्र (आईकार्ड) के आधार पर ही दिया जाएगा।

### भावनात्मक और गौरवपूर्ण अवसर

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा और सचिव एडवोकेट समीर भाटिया ने कहा की यह अवसर इसलिए भी भावनात्मक और गौरवपूर्ण है क्योंकि माननीय सीजेआई का प्रारंभिक न्यायिक कार्यस्थल हिसार कोर्ट रहा है। वर्षों बाद मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका आगमन बार-बेंच-जिला प्रशासन की एकता, न्यायिक स्मृतियों और परंपराओं का प्रतीक बन रहा है। प्रधान संदीप बूरा ने बताया कि इस दौरान अधिवक्ताओं द्वारा हिसार में हाईकोर्ट की अलग बेंच, रेरा एवं अन्य न्यायिक फोरमों की स्थापना की मांग माननीय सीजेआई के समक्ष रखी जाएगी।



**हिसार।** डायमंड जुबली समारोह की जानकारी देते कॉलेज की ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष जीआर गोदारा व प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी अन्य।

## राजकीय कॉलेज का डायमंड जुबली समारोह कल, सभी तैयारियां पूरी

- सीजेआई सूर्यकांत समेत कई बड़ी हस्तियां एलुमनी मीट में शिरकत कर कॉलेज की पुरानी यादों को करेंगी ताजा

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में 10 जनवरी को आयोजित होने वाले डायमंड जुबली समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समारोह में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे और कॉलेज की अपनी पुरानी यादों को ताजा करेंगे। समारोह में सीजेआई सूर्यकांत के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में अपने नाम को लोहा मनवा चुकी कई बड़ी हस्तियां भी पहुंचेंगी। कॉलेज प्रशासन की तरफ से उन कमरों तथा क्लास रूप में विशेष व्यवस्था की गई हैं, जहां पर स्टूडेंट रहते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने पढ़ाई की थी। बता दें कि सीजेआई सूर्यकांत ने वर्ष 1981 में राजकीय कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की थी और वे होनहार स्टूडेंट थे। समारोह को लेकर कॉलेज की ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष जीआर गोदारा व प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने बताया कि एलुमनी मीट को लेकर



**नारनौंद।** गांव पेटवाड़ में जिला उपायुक्त राहुल नरवाल और पुलिस अधीक्षक ग्रामीणों से बातचीत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## सीजेआई के दौरे के लिए डीसी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी/नारनौंद

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के दो दिवसीय दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रबंधों का उपायुक्त डॉ राहुल नरवाल ने बुधवार को नारनौंद, पेटवाड़ तथा हांसी में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मंच, पेयजल इत्यादि व्यवस्थाओं सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों की बारीकी से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिला उपायुक्त राहुल नरवाल ने गांव पेटवाड़ में ग्रामीणों से मुलाकात कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी ली। साथ ही चीफ जस्टिस सूर्यकांत के बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत से भी बातचीत कर गांव सभी कार्यक्रम स्थलों का दौरा किया। इस अवसर पर उपायुक्त के साथ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशांत शर्मा, पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक, हांसी एसडीएम राजेश खोथ तथा नारनौंद एसडीएम विकास यादव व बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ये रहेगी समय-सारणी

निरीक्षण उपरांत उपायुक्त डॉ राहुल नरवाल ने कहा कि हांसी, नारनौंद एवं पेटवाड़ गांव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर लगभग सभी आवश्यक प्रबंध पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 9 जनवरी को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत बार एसोसिएशन द्वारा हांसी में आयोजित सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य न्यायाधीश का हांसी आगमन शाम 3 बजे निर्धारित है।

## लोहा मंडी होगी अतिक्रमण मुक्त

- नगर निगम की टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान जारी है। अभियान का उद्देश्य मुख्य मार्गो व मार्केट में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करना और आम नागरिकों को होने वाली परेशानी से राहत दिलाना। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर निगम की टीम विभिन्न क्षेत्रों में पहुंची। इस कार्रवाई में कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, ताकि अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग हो। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की शुरूआत पड़ाव चौक से भगत सिंह चौक तक की। कुछ दुकानदारों ने दुकानों के बाहर छोटी दीवारें बनाई हुई थी जिसको हटाया गया। इसके अलावा टीम ने रेलवे रोड, डोगरान मोहल्ला, इन्द्रा मार्केट, राजगुरु मार्केट, मलिक चौक से अतिक्रमण हटाया गया। टीम ने लोहा मण्डी में दुकानदारों को अपना सामान अपनी परिधि में रखने के लिए मुनादी कर चेतावनी दी गई।




**हिसार।** अतिक्रमण नहीं करने के लिए समझाते निगम अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### जल्द ही चलाएंगे अतिक्रमण मुक्त अभियान

*सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार लोहा मंडी में जल्द ही अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इस दौरान टीम ने व्यापारियों को चेतावनी दी कि बरामदों व खुले में सामान न लगाए अन्यथा सामान जब्त किया जाएगा। इस कुछ दुकानदार का सामान जब्त भी किया गया।*

## हकृवि में पीएचडी प्रवेश परीक्षा कल, तैयारियां पूरी

- परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर किए गए अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों में पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए 10 जनवरी को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में होगी। विश्वविद्यालय की ओर से उपरोक्त परीक्षा में बैठने के लिए जरूरी प्रवेश-पत्र भी जारी किए जा चुके हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिन संकायों में पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिला करने जा रहा है उनमें कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्रीकल्चर मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस, फलोरिकल्चरल एंड लैंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलॉजी, इंटोमोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरेस्ट्री, प्लांट पेथोलॉजी, सीड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, सॉयल साइंस, वेजिटेबल साइंस, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट व रूरल मैनेजमेंट, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग व रिनुएबल एनर्जी इंजीनियरिंग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एपिरेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड्स एंड न्यूट्रीशन, ह्यूमन डेवेलपमेंट एंड फैमिली स्ट्डीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में केमिस्ट्री, बायोकेमस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिक्स, जुलोजी, व फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज इकोनॉमिक्स, फिशरीज एक्सटेंशन, व फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट तथा बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, मोलिक्युलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी व बायोइन्फर्मेटिक्स विषय शामिल हैं।




**हिसार।** विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयंती द्वार। *फोटो: हरिभूमि*

### कड़ी निगरानी में होगी परीक्षा

हकृवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में परिक्षार्थियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रॉनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोडऩा होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं तथा उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे।

**गोष्ठी**

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया 'प्रमुख जन गोष्ठी' का भव्य आयोजन

# पंचपरिवर्तन के माध्यम से राष्ट्रोत्थान का आह्वान आज समाज में पंचपरिवर्तन की आवश्यकता

*पंडित नेहरू ने 1963 की गणतंत्र परेड में संघ को आमंत्रित किया था*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला हिसार के तत्वावधान में संघ की 100 वर्षीय गौरवशाली यात्रा के उपलक्ष्य में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन एचएयू के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ यात्रा, दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गान के साथ हुआ। मंच से संघ का परिचय प्रस्तुत करते हुए वक्ताओं ने संघ की राष्ट्रसाधना की अविराम परंपरा पर प्रकाश डाला।



**हिसार।** प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित करते वक्ता व हकृवि में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में उपस्थितजन। *फोटो: हरिभूमि*

### संघ की 100 वर्ष की तपस्वी यात्रा

मुख्य वक्ता प्रांत कार्यवाह, हरियाणा प्रांत डॉ. प्रताप सिंह ने कहा कि भारत का दर्शन अत्यंत व्यापक और गहन है, किंतु जब तक हमारा आचरण उसके अनुरूप नहीं होगा, तब तक राष्ट्र का सर्वांगीण उत्थान संभव नहीं है। इसी कारण आज समाज में पंचपरिवर्तन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संघ ने घर-घर जाकर पंचपरिवर्तन के विषयों पर जागरूकता फैलाने का कार्य किया है। डॉ. प्रताप सिंह ने संघ की 100 वर्षीय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि आज पूरा देश संघ की तपस्या, सेवा और संगठन-शक्ति से परिचित है। उन्होंने स्मरण कराया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से मन की बात सहित विभिन्न मंचों पर संघ की तपस्या का उल्लेख किया है। उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे जन्म से ही भारत राष्ट्र के उपासक थे।

### टूटते परिवार चिंता का विषय : पवन

विशेष वक्ता हिसार विभाग संचालक पवन ने पंचपरिवर्तन के पांच आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुटुंब व्यवस्था हमारी सामाजिक रीढ़ है, किंतु आज टूटते परिवार चिंता का विषय हैं। इसके समाधान के लिए पारिवारिक संवाद, सप्ताह में कम से कम एक दिन परिवार के साथ समय बिताने और बच्चों को आचरण से संस्कार देने पर बल दिया। सामाजिक समरसता पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर विभाजन विदेशी शक्तियों का षड्यंत्र है। हमें सभी भारतीयों के साथ आत्मीय व्यवहार कर सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करना होगा।

### व्यवधानों के बावजूद संघ राष्ट्रहित में निरंतर कार्यरत

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हकृवि कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि डॉ. हेडगेवार का स्पष्ट संदेश था 'राष्ट्र पहले।' उन्होंने कहा कि 100 वर्ष पूर्व आरंभ किया गया संगठनात्मक कार्य आज पूरे समाज को एक सूत्र में बांधने का माध्यम बन चुका है। तमाम व्यवधानों के बावजूद संघ राष्ट्रहित में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका विश्वविद्यालय पंचपरिवर्तन की दिशा में निरंतर सार्थक प्रयास कर रहा है।

MEDI CITY
MULTISPECIALITY HOSPITAL & NEURO CARE CENTER
For Excellence in Trauma, I.C.U. & General Health Care
हरियाणा सरकार एवं आयुष्मान भारत, NABH, ESIC के अंतर्गत सभी सेवाएं उपलब्ध।
अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं
- ब्रेन हैमरेज, दिमाग की रसौली
- कमर व गर्दन की डिस्क के ऑप्रेशन की सुविधा
- सिर की चोट • डिलीवरी व MPT की सुविधा
- जहर पीडित मरीजों के उत्तम इलाज की सुविधा
- हड्डी की टूट व हर प्रकार के ऑप्रेशन की सुविधा
- Physiotherapy & Slimming Center
- EEG • MRI Whole Body • Neuro Navigation
- RFL • 3D Spiral CT Scan, Digital X-Ray
- Ambulance की सुविधा Ventilator सहित

Dr. R. Kumar
M.S. (AIIMS, New Delhi)
M.Ch. (PGIMER, Chandigarh)

Dr. Anita Kumari
M.S. (Gyn. & Obs.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा

24/7
नोट : अधरंग के मरीजों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए लक्षण शुरू होने के 4 घंटों के अन्दर हस्पताल पहुंचे। अधरंग का टीका 4 घंटे के अन्दर ही लगाया जाता है।
SECTOR 16-17, SOUTH BY PASS, HISAR Mob.: 94160-44519, 9812019350

# गुड़-तिल-मूंगफली टेस्टी भी-हेल्दी भी

बच्चो, जाड़े के मौसम में बहुत सी हेल्दी चीजें खाने को मिल जाती हैं। जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व भी आता है, इस अवसर पर तिल-मूंगफली से बने व्यंजनों के खाने का एक अलग ही मजा है, जो हमारी हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। सर्दियों में और कौन-कौन सी हेल्दी-टेस्टी चीजें खाई जा सकती हैं, जो हमें फिजिकली-मेंटली फिट रखती हैं, जानो।



सीजनल डाइट
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, हेल्दी डाइट से ही हमारा शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहता है। स्वस्थ आहार में बहुत-सी चीजें शामिल होती हैं, जैसे- सब्जियां, अनाज, फल, ड्राई फ्रूट्स और दूध-दही। बहुत से फूड आइटम्स भी हमारी हेल्दी डाइट का हिस्सा होते हैं। हमारे देश में तो मौसम के हिसाब से भी खान-पान तय किया गया है। तुमने देखा होगा कि घर में मौसम के बदलते ही खाने-पीने की चीजें भी बदल जाती हैं। इन दिनों जाड़े में मूंगफली, तिल और गुड़ की बनी चीजें खूब दिख रही हैं। ये ट्रेडिशनल फूड आइटम्स सर्दियों के लिए एनर्जी बूस्टर हैं। इनसे मिलने वाले पोषक तत्व, साल भर हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं।



### स्वास्थ्य के रक्षक

सर्दी के मौसम में खाए जाने वाले तिल-मूंगफली के पकवान बहुत न्यूट्रीशस होते हैं। ये हर एज ग्रुप के लोगों को पसंद आते हैं। इनकी तासीर यानी हमारे शरीर पर पड़ने वाला असर, गर्म होती है। जिसके चलते इनसे बनी सभी चीजें शरीर को ठंड से बचाती हैं। तिल की बने लड्डू हों या मूंगफली की चिक्की, सर्दियों में सबके साथ धूप में बैठकर या अलाव तापते हुए इन्हें खाने का मजा ही कुछ और है! ठंड से बचाव करने और सेहत बनाने वाले ये क्रंची स्नैक्स, अपनों के साथ समय बिताने का भी अवसर देते हैं। तिल और मूंगफली में न केवल प्रोटीन बल्कि कई विटामिन और ओमेगा 6 जैसे न्यूट्रिएंट्स भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इन दोनों में ही कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। इसीलिए तिल के लड्डू खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। ये हमारी डाइजेस्टिव हेल्थ को बेहतर रखते हैं। वहीं पीनट्स यानी मूंगफली भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। पीनट्स खाने से ब्रेन फंक्शनिंग भी सुधरती है। बच्चो, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में सामने आया है कि तिल और मूंगफली में हेल्दी फैट होता है। इसीलिए ठंड के मौसम में इन चीजों को जरूर खाना चाहिए। ये ठिठुराती सर्दी में खेलने-कूदने और एक्टिव रहने का एनर्जी बूस्टर डोज हैं।



### मिठास का सेहतमंद साथ

बच्चो, तिल, मूंगफली को जब गुड़ का साथ मिलता है, तो ये स्वादिष्ट ही नहीं और अधिक गुणकारी भी बन जाते हैं। तिल, गुड़ और मूंगफली, ये तीनों चीजें ठंड के मौसम के लिए सुपरफूड हैं। इनसे बनी चीजें खाने में बहुत टेस्टी लगती हैं। इन्हें स्कूल के टिफिन में ले जाना भी बहुत आसान है। तिल और मूंगफली तो पौष्टिक हैं ही, गुड़ में भी आयरन, मैग्नीशियम और कैल्शियम जैसे कई मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को एनर्जी और गर्माहट देने का काम करते हैं। गुड़ में विटामिन ए, सी और ई भी होते हैं। असल में गुड़ में मौजूद शुगर, सुक्रोज और फ्रक्टोज के रूप में होती है, इसलिए इसका स्वाद मीठा और तुरंत एनर्जी देने वाला होता है। यही कारण है कि गुड़ खाने से मानसिक और शारीरिक स्ट्रेस भी कम होता है। गुड़ में मिठास ही नहीं जिंक, सेलेनियम और एंटीऑक्सिडेंट्स भी होते हैं। ये ना सिर्फ हमारे शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं बल्कि इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। तिल और मूंगफली के लड्डू, गजक, बर्फी, तिलपट्टी, तिलकुट या चिक्की बनाने के लिए गुड़ का ही इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में इन चीजों को खाना इम्यूनिटी, मूड और अपनेपन का मिठास भरा बूस्टर डोज बन जाता है।

### ट्रेडिशनल टेस्ट का कमाल

बच्चो, तिल, मूंगफली और गुड़ जैसी चीजों की न्यूट्रिशनल वैल्यू को हमारे बड़े-बुजुर्ग हमेशा से समझते आए हैं। सर्दियों में आने वाले त्योहार, जैसे मकर संक्रांति और लोहड़ी पर तो खासतौर पर इन चीजों को खाया जाता है। सर्दियों में हमारे घरों में इन चीजों से पारंपरिक और पौष्टिक मिठाई बनाने का ट्रेंड रहा है। आज भी विंटर सीजन में दादी-नानी तिल के लड्डू बनाकर भी अपना प्यार जताती हैं। बच्चो, समझना जरूरी है कि तिल, मूंगफली से बनी मिठाई, स्नैक्स का बहुत हेल्दी ऑप्शन हैं। अगर सही पोर्शन में खाया जाए तो शरीर को इनसे कोई नुकसान नहीं होता। हमारा ट्रेडिशनल खान-पान शरीर, मन और मौसम के मुताबिक बने हुए हैं। बीमारियों से बचाने और इम्यूनिटी मजबूत करने वाले देसी नुस्खों में दादी, नानी और मम्मी का स्नेह भी भरा होता है। इसीलिए सर्दियों में इन सुपर फूड्स को खूब मन से खाओ। अच्छी सेहत बनाओ। इस कमाल के ट्रेडिशनल टेस्ट के लिए दादी-नानी का मन से आभार भी जताओ। *

# कैसे हुई पतंग की शुरुआत


हमारे देश में कुछ खास पर्व और अवसरों पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। बच्चे तो पतंगबाजी को खूब एंज्वॉय करते हैं। पतंग के आविष्कार और देश-विदेश में इसके प्रचलन का किस्सा बड़ा रोचक है। जानो, पतंग और पतंगबाजी से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

जानकारी
शिवानी छाया

बच्चो, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा है। इस पर्व के अलावा हमारे देश में वसंत पंचमी, स्वतंत्रता दिवस पर भी पतंगें उड़ाई जाती हैं। गुजरात, राजस्थान, पंजाब और तेलंगाना जैसे कई राज्यों में तो पतंगोत्सव यानी काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से आए लोग भाग लेते हैं। पतंगबाजी में बच्चे-बड़े सभी भाग लेते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं। बच्चो, तुम यह जानना चाहोगे कि पतंग उड़ाने की शुरुआत कब और कैसे हुई, जानो-

**चीन में हुई थी शुरुआत:** माना जाता है कि पतंग बनाने और उड़ाने की शुरुआत लगभग 2800 वर्ष पहले चीन के शानदोंग शहर में हुई थी। इस शुरुआत के पीछे एक रोचक किस्सा है- खेत में काम करने के दौरान एक चीनी किसान की टोपी बार-बार हवा में उड़कर इधर-उधर चली जाती थी। इससे परेशान होकर वह अपनी टोपी एक डोरी से बांधकर रखने लगा। इससे उसकी टोपी हवा में उड़ती तो थी लेकिन इधर-उधर नहीं जाती थी। बस यहीं से पतंग बनाने के आइडिया ने जन्म लिया। विभिन्न स्रोतों के अनुसार दुनिया की शुरुआती पतंगें चीन के हुआंग थेग, मोजी और लुबान ने बनाई थीं। ये पतंगें कागज की नहीं, लकड़ी और रेशम से बनी होती थीं, जिसे 'वुडन बर्ड' यानी 'लकड़ी की चिड़िया' कहा जाता था। बाद में रेशम के कपड़े, बांस आदि की सहायता से पतंगें बनाई जाने लगीं। चीन में पतंग के आविष्कार की एक वजह यह भी थी कि उस दौर में पतंग बनाने का उपयुक्त सामान, जैसे- रेशम का कपड़ा, पतंग उड़ाने के लिए मजबूत रेशम का धागा और पतंग के शेप को सहारा देने के लिए हल्का और मजबूत बांस चीन में आसानी से उपलब्ध था।





चीन में बनी शुरुआती दौर की पतंग

**मनोरंजन नहीं था उद्देश्य:** आज हम पतंगबाजी को एक खेल के रूप में देखते हैं, इसे मनोरंजन के लिए उड़ाते हैं। लेकिन शुरुआत में पतंग उड़ाना मनोरंजन नहीं था। पतंग का प्रयोग संदेश भेजने, हवा की गति और दिशा का पता लगाने, जासूसी जैसे उद्देश्यों के लिए किया जाता था। धीरे-धीरे उच्च और सामान्य वर्ग के लोगों की रुचि इसमे बढ़ती गई और पतंगबाजी शौक और मनोरंजन का साधन बन गई।

**भारत में पतंग का प्रसार:** पतंग बनाने की कला और इसे उड़ाने का शौक चीन, जापान, कोरिया, थाइलैंड जैसे देशों से होकर भारत पहुंचा। इसमें विदेशी यात्री, व्यापारी और बौद्ध भिक्षुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। देखते ही देखते पतंगबाजी भारत में काफी लोकप्रिय हो गई, यहां के पर्व-उत्सवों एवं संस्कृति का हिस्सा बन गई। आज बच्चे-बड़े सभी खुले आसमान में पतंग उड़ाते हैं, पतंग से जुड़े फेस्टिवल्स एंज्वॉय करते हैं। *

### पौराणिक ग्रंथों और इतिहास में पतंग

**बच्चो, मकर** संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने को लेकर एक पौराणिक मान्यता भी है। तमिल ग्रंथ 'तंदनान रामायण' के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पहली बार भगवान श्रीराम ने पतंग उड़ाई थी, जो इंद्रलोक तक चली गई थी। तभी से मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा चली आ रही है। आधुनिक भारत के इतिहास की बात करें तो 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में 'साइमन गो बैक' लिखे काली पतंगें उड़ाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। देश की आजादी के बाद उसी घटना की याद में स्वतंत्रता दिवस पर पतंग उड़ाने की परंपरा शुरू हुई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गोलू-दादू की दोस्ती

बच्चो, तुमको अपने दादाजी-नानाजी से बात करने, उनके संग खेलने में भी फ्रेंड वाली फीलिंग आती होगी। हाल में छपकर आई किताब 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम एक प्यारे बच्चे गोलू और उसके दादू की दोस्ती से जुड़ी मजेदार कहानियां पढ़ सकते हो। इन नौ कहानियों में तुमको गोलू का नटखट स्वभाव, भोलापन और समझदारी देखने को मिलेगी। किसी कहानी में तुम पढ़ोगे कि गोलू के दादू, उसे बड़े प्यार से जीवन से जुड़ी उपयोगी सीख भी दे देते हैं। संग्रह की पहली कहानी 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे दादू को गांव से अपने पास बुलाकर प्यारा सा सरप्राइज देता है! 'गोलू मेरा नाम' कहानी में जब तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे अपना नाम अभिनव के बजाय गोलू पुकारे जाने पर मुंह फुला लेता है और फिर दादू उसे उसकी गलती कुछ ऐसे समझाते हैं कि तुम हंसे बिना नहीं रहोगे। कामचोर का मतलब क्या होता है, इसका अर्थ समझने के लिए तुमको 'गोलू मस्त मोलू' कहानी पढ़नी होगी। किताब की अन्य कहानियां भी तुमको जरूर पसंद आएंगी। *



**किताब :** गोलू मेरा दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक :** गोविंद शर्मा
**मूल्य :** 150 रुपए, **प्रकाशक :** पंचशील प्रकाशन, जयपुर

### हंसगुल्ले



**चिक्की :** मिक्की, कल रात को सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
**मिक्की :** तुम चप्पल पहन कर सोया करो तब कांटा नहीं चुभेगा।
-खुशी, रायपुर

**मिंकी (अपनी मम्मी से) :** मम्मी, क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**मम्मी :** नहीं तो! क्यों?
**मिंकी :** तो फिर रिंकी मुझसे क्यों कहती रहती है कि तेरी जुबान बहुत चलती है?
-काम्या, भोपाल

**चिंटू :** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मिंटू :** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-सुरेंद्र, रोहतक

### जीके क्विज-187

1. वूमेंस टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी कौन बनी हैं?
2. भारत किस देश को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है?
3. हाल में दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला का क्या नाम है?
4. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
5. भारत के अंतिम गवर्नर जनरल कौन थे?
6. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
8. भारत में पहली रेल किन दो स्थानों के बीच चली थी?
9. इलेक्ट्रिक आयरन को गर्म करने के लिए किस धातु का प्रयोग किया जाता है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य की नृत्य शैली है?



बच्चों, जीके क्विज-187 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-186 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2. 366 दिन, 3. 10 जनवरी, 4.मिजोरम, 5.मंगोलिया, 6.हाइड्रोजन, 7.माइटोकॉण्ड्रिया, 8.न्यूमिस्मेटिक्स, 9.गंगा डॉल्फिन, 10.विनय कुमार सक्सेना

**जीके क्विज-186 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आपु-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, रक्षित-बिलासपुर, अनन्या-दुर्ग, केशव-बिलासपुर, नमन-रोहतक, हर्ष-भोपाल, शिवांश-महासमुंद



कहानी
सरस्वती रमेश

# मकर संक्रांति का दान

राजू को तो यही पता था, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाकर त्योहार की खुशियां मनाई जाती हैं, लेकिन दादी ने बताया इस दिन दान दिया जाता है, जिसका एक अलग महत्व होता है। राजू को यह बात वास्तव में कितनी समझ में आई, क्या उसने मकर संक्रांति के दिन कोई दान किया?



राजू के घर आज सुबह-सुबह पूरे परिवार ने स्नान किया। फिर सबने मकर संक्रांति की पूजा की। तिल के लड्डू खाए। खाने में राजू की मम्मी ने आज स्वादिष्ट खिचड़ी बनाई थी। दोपहर में सभी लोगों ने छत पर गुनगुनी धूप में बैठकर खिचड़ी खाई। मम्मी-पापा, दादा-दादी राजू और छोटी बहन पीहू ने खिचड़ी खाई। दादी ने राजू और पीहू से पूछा, 'जानते हो बच्चो, मकर संक्रांति के दिन क्या करते हैं?'

'हां.. हां.. जानता हूं। आज के दिन मजे से पतंग उड़ाते हैं।' राजू तपाक से बोला। 'हां पतंग तो उड़ाते हैं, लेकिन इस दिन को बहुत शुभ माना जाता है। गरीब लोगों को दान भी करते हैं। आज के दिन दान करने से उसका पुण्य कई गुना बढ़ जाता है।' दादी ने बताया।

'दान क्या होता है दादी?' पीहू ने भोलेपन से पूछा।

'दान मतलब किसी गरीब को कुछ देना। कोई खाने की चीज या वस्त्र आदि।' दादी बोलीं।

'फिर तो भैया आप मुझे अपनी बड़ी वाली पतंग दान कर दो न प्लीज।' पीहू ने मचलते हुए कहा तो सब हंस पड़े।

कुछ देर बाद राजू अपने पापा और बहन के साथ घर के पास ही ग्राउंड में पतंग उड़ाने गया। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ रही थीं। बच्चे, बड़े सब पतंगें उड़ा रहे थे। तभी वहां एक बच्चा दिखाई दिया। वह पेड़ के पीछे खड़ा होकर सबको पतंगें उड़ाता हुआ देख रहा था। ठंड काफी थी, लेकिन उस बच्चे ने सिर्फ एक हाफ शर्ट और नेकर पहन रखी थी। राजू के पापा की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम यहां क्यों छिपे हुए हो?' 'सबको पतंगें उड़ता देख रहा हूं।' वह बच्चा बोला।

'तुम्हारी पतंग कहां है?' राजू ने उससे पूछा।

'मेरे पास नहीं है।' बच्चा उदास स्वर में बोला।

'और इतनी ठंड में तुमने स्वेटर क्यों नहीं पहन रखा है? तुम्हें ठंड नहीं लग रही क्या?' पापा को अचरज हो रहा था।

'लग रही है। स्वेटर गंदा हो गया था तो मां ने धोकर सूखने के लिए डाल रखा है।' बच्चे ने सकुचाते हुए बताया।

'तो दूसरा पहन लेते।' पास खड़ी पीहू बोली।

'दूसरा नहीं है।' लड़का धीमी आवाज में बोला।

'अच्छा तुम्हारा नाम क्या है?' पापा ने पूछा।

'मोनू।' लड़के ने बताया।

'तुम रहते कहां हो?' पापा ने जानना चाहा।

'वो सामने बस्ती में।' बच्चे ने अंगुली के इशारे से बताया।

'क्या तुम मेरे बेटे का पुराना स्वेटर ले लोगे।' पापा ने पूछा।

'मां से पूछकर बताऊंगा।' इतना कहकर वह जाने लगा तो राजू ने उसे रोक लिया।

'यह लो मेरी पतंग और मांझा, ठीक से उड़ाना।' राजू ने अपनी पतंग-मांझा उसके हाथों में पकड़ा दिया।

पतंग पाकर बच्चा खुश हो गया और दौड़ते हुए घर की ओर चला गया। राजू पापा के साथ घर लौट आया। पापा ने घर में बच्चे की बात सभी को बताई। यह भी बताया कि राजू ने उसे अपनी पतंग दे दी।

'लेकिन शाम को तो सर्दी और बढ़ जाएगी। हमें उसे गर्म कपड़े भी देने चाहिए।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'यदि उसने पुराने कपड़े न लिए तो?' पापा बोले।

'हम उसके लिए नए कपड़े देंगे।' राजू ने कहा।

'लेकिन इतनी जल्दी नए कपड़े आएंगे कहां से?' मम्मी बोलीं।

'आपने जो मेरे लिए नया स्वेटर खरीदा है, वही उसे दे दीजिए।' राजू तुरंत बोला।

'लेकिन वो तो तुम्हारे लिए है और महंगा भी बहुत है।' दादी बोलीं।

'दादी, सुबह आपने कहा था न कि आज गरीब को दान करना चाहिए। वह गरीब बच्चा है। उसे स्वेटर देंगे आज।' राजू ने दादी को सुबह वाली बात याद दिलाई। 'जरूर बेटा, तुमने तो संक्रांति की परंपरा को ठीक से समझ लिया है। ले आओ, अपना नया वाला स्वेटर। चलो अभी चलते हैं मोनू के घर।' पापा बोले।

राजू भाग कर अपने कमरे से स्वेटर ले आया और खुशी-खुशी पापा के साथ मोनू के घर की ओर चल पड़ा। घर में दादी, मम्मी और पीहू भी यह देखकर बहुत प्रभावित और खुश थे कि दयालु राजू के कारण एक गरीब का भला होगा। *

कविता
अखिलेश श्रीवास्तव चमन



### एक पर्व के इतने नाम!

छोटे से मिस्टर अयान
सोच-सोच कर हैं हैरान
तिथि एक है, पर्व एक है
लेकिन इसके इतने नाम!
दक्षिण भारत में है पोंगल
उत्तर में कहलाता खिचड़ी
असम राज्य में बिहू कहते
पंजाबी कहते हैं लोहड़ी।
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा
में होता है मकर संक्रांति
पर पश्चिम बंगाल के अंदर
कहलाता है पौष संक्रांति।
इस दिन सूरज दिशा बदल
उत्तरी गोलार्ध में आ जाता है
रातें छोटी होने लगतीं
दिन लंबाई पा जाता है।
भुनी मूंगफली, गुड़ की पट्टी
तिल की गजक, रेवड़ी खाकर
पूरा देश मनाया करता
है यह पर्व, पतंग उड़ाकर।



### रंग भरो-193

**रंग भरो-193** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रुजुला, रोहतक



आशना, जांजगीर



पयोनिधि, अंबिकापुर



आन्या, दुर्ग



लालिमा, गरियाबंद



रेयांश, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

देव्यांश-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सुमन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सौम्या-करनाल, रोहन-बिलासपुर, दिव्या-कोरबा, साकेत-बालोद

### रंग भरो 194



बच्चो, यहां पतंग उड़ा रहे एक बच्चे का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### क्वार्टर फाइनल में लड़कों ने विद्या भारती व लड़कियों ने तमिलनाडु को हराया

**हिसार।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वें नेशनल स्कूल गेम्स अंडर 14 लड़के लड़कियां आयोजित की जा रही है। हरियाणा टीम चीफ डी मिशन कुलदीप नैन ने बताया प्रतियोगिता के वीरवार नॉकआउट मुकाबले में हरियाणा की टीमों ने 4 मैच जीते। लड़कियों ने तमिलनाडू व मध्यप्रदेश वहीं लड़कों आंध्रप्रदेश व विद्याभारती को ने हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। हरियाणा टीम के चीफ डी मिशन डीपीई कुलदीप नैन ने बताया कि डीपीई वंदना, डी पी ई मीना , कोच अशोक पूनिया व कोच महावीर पूनिया खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

### राजथल से उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद ।** नशीला पदार्थ बेचने पर एक पुराने मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया। थाना नारनौंद में तैनात एएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपित सुभाष निवासी राजथल के पास ढाई ग्राम स्मैक मिलने पर वर्ष 2017 में एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना नारनौंद में मामला दर्ज किया गया था। वह इस समय से फरार चल रहा था। इसमें आरोपित सुभाष को 2023 में अदालत द्वारा उदघोषित आरोपी घोषित किया था। इसके खिलाफ थाना नारनौंद में मामला दर्ज करवाया गया।

### एक देश एक चुनाव के लिए चलाया अभियान

**नारनौंद ।** देश एक चुनाव अभियान को नई गति देने के लिए नारनौंद के एक निजी कोचिंग सेंटर में जागरूकता एवं हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों और युवाओं को अभियान के महत्वपूर्ण लाभ समझाए। बिजेंद्र लोहान ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से आचार संहिता के कारण आम जनता को काफी परेशानी होती है। एक साथ चुनाव कराने से सरकारी खर्च में भारी बचत होगी, विकास कार्य तेजी से पूरे होंगे। इस अवसर पर अभियान के नारनौंद विधानसभा संयोजक अनूप मोर, मंडल अध्यक्ष कर्मपाल दुहन, सोनू सैनी, अमित मोर आदि मौजूद थे।

### आगामी सरकार बसपा की होगी : विकास सातरोड़

**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से विधानसभा बरवाला के अध्यक्ष संदीप मिर्ज़ापुर ने गांव डाबड़ा एवं लाडवा का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उनके साथ विधानसभा उपाध्यक्ष विकास सातरोड़ एवं विधानसभा सचिव सौरभ विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर विकास सातरोड़ ने दावा किया कि आने वाली सरकार बसपा की होगी। संदीप मिर्ज़ापुर ने 15 जनवरी को भिवानी में आयोजित कुमारी मायावती के जन्मदिन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया।

---

नवगठित जिले की चुनौतियों को अवसर में बदलने का ऐलान

# हांसी जिले के पहले डीसी डॉ. राहुल नरवाल ने संभाला कार्यभार

*स्कूली बच्चों ने परेड के साथ किया नरवाल का स्वागत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नवगठित हांसी जिले के पहले डीसी के रूप में डॉ. राहुल नरवाल ने गुरुवार को जिला सचिवालय पहुंच विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया। डॉ. नरवाल इससे पूर्व फतेहाबाद और चरखी दादरी जिलों में उपायुक्त के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। जिला उपायुक्त द्वारा कार्यभार संभालने से पहले जिला सचिवालय परिसर में स्कूली बच्चों ने परेड के माध्यम से डॉ. राहुल नरवाल का स्वागत किया। इस दौरान जिला सचिवालय परिसर को गुब्बारों और फूलों की आकर्षक साज-सज्जा से सजाया गया था। इस अवसर पर उपायुक्त डा. राहुल नरवाल ने कहा कि हांसी जिला उनके लिए नई जिम्मेदारी और एक बड़ा अवसर है। उन्होंने बताया कि जिले के समग्र विकास के लिए कई प्राथमिकताएं तय की गई हैं, जिन्हें सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय और योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।



**हांसी।** हांसी जिले का कार्यभार ग्रहण करते जिला उपायुक्त डॉ राहुल नरवाल उनके साथ हैं विधायक विनोद भयाना व एसडीएम राजेश खोथ।

**डॉ. नरवाल ने प्रशासनिक दिशा निर्देश दिए:** डॉ. नरवाल ने स्पष्ट किया कि जनहित, पारदर्शिता, समयबद्ध कार्यप्रणाली और विकास कार्यों में गति उनकी प्रशासनिक कार्यशैली का मूल आधार रहेगा। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे सरकार की नीतियों को ईमानदारी और प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू करें तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हांसी प्रदेश के अन्य जिलों में अग्रणीय जिले के रूप में कार्य करेगा।

#### नहीं जाना पड़ेगा हिसार

विधायक इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 16 दिसंबर को हांसी को जिला घोषित करने के बाद मात्र तीन दिन में जिले के गठन की अधिसूचना जारी कर दी थी। और अब डीसी के विधिवत पदभार ग्रहण करने से हांसी जिले की जनता को अपने प्रशासनिक कार्यों के लिए हिसार नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर हांसी के एसडीएम राजेश खोथ, तहसीलदार अनिल कुमार बिढ़ान व डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कोई भी कल्याणकारी योजना के लाभ से न रहे वंचितः नरवाल

डीसी राहुल नरवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी योजना का कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। परिवार पहचान पत्र में इनकम को लेकर आने वाली शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी स्पॉट पर जाकर रिपोर्ट तैयार करें ताकि परिवार पहचान पत्र में दर्शाई गई इनकम का सही ढंग से वेरिफिकेशन हो सके। यह बातें आईएएस डॉ राहुल नरवाल ने वीरवार को हांसी में जिला उपायुक्त का पदभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते वक्त कहीं। उन्होंने समाधान शिविर में प्रस्तुत सभी जन समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक समस्या की तह में जाकर त्वरित आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने समस्याओं को लेकर समाधान शिविर में आने वाले लोगों से भी कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हो तो वे उनको एक बार सूचित अवश्य करें। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक जिला स्तरीय कार्यालय स्थापित नहीं हो जाता तब तक वह वरिष्ठ अधिकारी की तरह ही कार्य करते रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सप्ताह में सोमवार तथा वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन

लाइफ स्किल्स पर आधारित दो दिवसीय इन-हाउस ट्रेनिंग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी




**हांसी।** प्रोग्राम में शिक्षकों के साथ स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार व प्रशिक्षक डॉ. मीना।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रांगण में सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत लाइफ स्किल्स पर आधारित दो दिवसीय क्षमता-विकास कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल को सशक्त बनाते हुए कक्षा-कक्ष में जीवन-कौशल आधारित शिक्षण को प्रभावी रूप से लागू करना रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक केवीएम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. मीना द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्रों में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित 10 प्रमुख जीवन-कौशल, निर्णय-निर्धारण, समस्या-समाधान, नेतृत्व क्षमता, आत्म-जागरूकता, प्रभावी संप्रेषण, सहानुभूति, रचनात्मकता, समालोचनात्मक चिंतन, तनाव-प्रबंधन एवं पारस्परिक संबंध पर गहन एवं व्यावहारिक चर्चा की गई। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि जीवन-कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाने का सशक्त माध्यम है। ऐसे कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शिक्षकों को नवीन दृष्टिकोण से जोड़ते हैं।

### नगर निगम से संबंधित सीएम विंडो शिकायतों की हुई सुनवाई

**हिसार।** नगर निगम से संबंधित सीएम विंडो की शिकायतों की सुनवाई नगर निगम के मुख्य सभागार में की गई। सीएम विंडो की सुनवाई की अध्यक्षता अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने की। उनके साथ हरियाणा सरकार द्वारा चयनित सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन प्रवीण जैन, राजकुमार इंदौरा उपस्थित रहे। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, एमई कर्मपाल सिंधू और संबंधित जेई आदि मौजूद रहे। निगम में गुरुवार को हुई इस सुनवाई में नगर निगम से संबंधित शिकायतकर्ताओं को पत्र भेजकर बुलाया गया था।

### ड्यूटी के दौरान मिला फोन लौटा कर दिया ईमानदारी का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला पुलिस में तैनात होमगार्ड के जवान ने चेकिंग अभियान के दौरान सिसाय पुल पर नाकाबंदी के दौरान मिले एक लावारिस मोबाइल फोन को उसके मालिक को लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया।

यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि होमगार्ड दर्शन को सिसाय पुल पर चेकिंग अभियान के दौरान एक मोबाइल फोन प्राप्त हुआ था जिसके बाद होमगार्ड जवान दर्शन ने फोन के असल मलिक का पता लगाया और उन्हें फोन वापस लौटाया इस दौरान फोन के मालिक जींद जिले के बडोठी व हाल नजदीक समाधा मंदिर निवासी मदनलाल ने होमगार्ड दर्शन द्वारा उसका मोबाइल फोन लौटाए जाने पर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।



**हांसी।** मदनलाल को उसका मोबाइल फोन लौटाता होमगार्ड दर्शन सिंह

---

व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक आयोजित

# सरकार के अनाज खरीद, उठान और भुगतान के सभी दावे झूठे : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

व्यापार मंडल की कोर कमेटी की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बजरंग गर्ग की उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने धान खरीद का आढ़तियों का 350 करोड़ रुपए से ज्यादा कमीशन अभी तक ना देने से व्यापारियों में रोष है जबकि सरकार धान खरीद, उठान व भुगतान 72 घंटे में करने का दावा करती है। सरकार के अनाज खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे झूठे सिद्ध हुए हैं। धान खरीद का काम बंद हुए तीन महीने से ज्यादा हो चुके है। यहां तक की इस सरकार में पल्लेदारों की मजदूरी तक बाकी है। सरकार को अपने वायदे के अनुसार आढ़तियों का कमीशन ब्याज सहित तुरंत भुगतान करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि प्रदेश में आढ़तियों का व्यापार सिर्फ ढाई प्रतिशत कमीशन पर ही चलता है अगर आढ़तियों का कमीशन समय पर नहीं मिलेगा तो आढ़ती मुनीम, बिजली बिल, हाउस टैक्स, घर खर्च आदि खर्च कहां से कर पाएगा।



**हिसार।** बजरंग गर्ग व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

---

# सैकड़ों लोगों को मिला लाभ, 72 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की पावन तपोभूमि अग्रोहा शक्तिपीठ स्थित अग्रविभूति स्मारक में विशाल सेवा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। यह सेवा शिविर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं श्री अग्रसेन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व जरूरतमंदों ने भाग लेकर सेवाओं का लाभ उठाया।

इस सेवा महायज्ञ का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की प्रेरणा से किया गया, जिनके मार्गदर्शन में समाजसेवा के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य मानवता, करुणा और सेवा के भाव को जन-जन तक पहुंचाना रहा। शिविर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और 72 यूनिट रक्त एकत्रित की। आयोजकों ने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की डायरेक्टर अलका छाबड़ा, दिव्यांग केंद्र हिसार एवं समस्त डॉक्टरों की टीम सभी सहयोगकर्ताओं, चिकित्सकों, रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया,साथ ही अग्र विभूति स्मारक में सेठ तिलकराज अग्रवाल की 38वीं पुण्यतिथि पर उनको माल्यार्पण किया।




**हिसार।** रक्तदाता से मिलने अतिथिगण।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मां माधवी अन्न क्षेत्र के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, डॉ. राजेश चौहान, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन नरेश बंसल तरावड़ी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री खैराती लाल सिंगला, राष्ट्रीय सह प्रवक्ता राजेश सिंगला, दिल्ली प्रदेश चेयरमैन नत्थूराम जैन, प्रदेश महामंत्री विपिन गोयल, अनीता जैन, रेणु गर्ग, दीनदयाल गोरखपुरिया, राजेश गर्ग, सुनील गोयल उपस्थित थे।

---

### एनआईआरसी की वाद-विवाद प्रतियोगिता 10 को

**हिसार।** एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 10 जनवरी को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। हिसार के सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में यह स्पर्धा 10 जनवरी को सायं 4 बजे शुरू होगी और इसमें सीए सदस्य ही हिस्सा ले पाएंगे। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सीए व सीए की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए एनआईआरसी हिसार ब्रांच निरंतर आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में आईसीएआई के सीए सदस्यों को अपनी कुशलता व वाकपटुता दिखाने का अवसर मिलेगा।

## वृद्ध एवं बाल सेवा की प्रेरणादायक पहल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की ओर से समाजसेवा एवं मानवीय संवेदनाओं को सशक्त करते हुए वृद्धजनों के कल्याण के लिए सराहनीय पहल की गई। एनसीसी के माध्यम से श्री कृष्ण बाल सेवा आश्रम, कैमरी तथा मोक्ष ओल्ड एज होम, हिसार को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं दी गईं। श्री कृष्ण बाल सेवा आश्रम, कैमरी को एक वॉटर डिस्पेंसर एवं एक 32 इंच एलईडी टीवी प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त मोक्ष ओल्ड एज होम, हिसार को वॉल क्लॉक, रजाई कवर, थर्मस, बड़ा डस्टबिन और मीडियम डस्टबिन, बाथरूम उपयोग सामग्री प्रदान की गई।इस सेवा गतिविधि का उद्देश्य वृद्धजनों एवं बाल आश्रम की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स में सेवा भाव का विकास करना है।



**हिसार।** बुजुर्ग से बातचीत करते एनसीसी अधिकारी।

### मार्च माह में 2 दिन होगा श्याम महोत्सव

**आदमपुर।** श्री श्याम परिवार द्वारा दो दिवसीय छटा विशाल श्री श्याम महोत्सव 7 और 8 मार्च को बड़ी धूमधाम से आयोजित होगा । यह निर्णय प्रधान महेंद्र गर्ग, सचिव राकेश गोयल, प्रोजेक्ट चेयरमैन सुरेंद्र कैथ की उपस्थिति में गोपीराम धर्मशाला में हुई मीटिंग लिया गया। महोत्सव में 7 मार्च को जयपुर की स्वर कोकिला उमा लहरी, हिसार के केशव गर्ग, 8 मार्च को कोलकाता की बुलंद आवाज सौरभ शर्मा प्रिंसी गोयल व दिल्ली का नरेश पुनिया म्यूजिकल ग्रुप अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर कैशियर राहुल भारद्वाज, रोहतास गर्ग, सुनील गोयल, अंकित मित्तल, मनोज शर्मा, बबलू, अशोक मित्तल, नकुल गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## जयभगवान सैनी को 'बाल साहित्य भूषण' अवार्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद् जयभगवान सैनी को साहित्यिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राजस्थान के नाथद्वारा में आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह में 'बाल साहित्य भूषण' सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री रविकांत गर्ग, आचार्य विनय महाराज, श्याम प्रकाश देवपुरा, प्रधानमंत्री, साहित्य मंडल द्वारा प्रदान किया गया। सहित्य मंडल श्री नाथद्वारा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला एवं साहित्यकार सम्मान-समारोह में जयभगवान सैनी को शॉल ओढ़ाकर, पटका प्रदान कर, नकद राशि, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र एवं श्री नाथ द्वारा का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जयभगवन सैनी की साहित्यिक सेवाओं पर चर्चा की गई। राज्य मंत्री व अन्य अतिथियों ने जयभगवान की दो नई पुस्तकों 'भागती-दौड़ती मुंबई (यात्रा)', 'जीवन लहरें (उपन्यास)' का लोकार्पण भी किया गया।



**हिसार।** जय भगवान सैनी को सम्मानित करते आयोजक मंडल के पदाधिकारी।

---

## राजकीय स्कूल आर्य नगर की रंग- रिवाज टीम को एक लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव आर्य नगर की बेटियां शिक्षा के साथ साथ कला कुशलता में भी राज्य स्तर पर परचम लहरा रही हैं। इसी कड़ी में प्रधानाचार्य अनिल यादव ने बताया कि उनके विद्यालय की बारहवीं कक्षा की छात्राओं अनामिका, कोमल व शालू ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कुशल बिज़नेस चैलेंज महोत्सव में अपनी प्रतिभा के आधार पर एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त की। शिक्षिका सोनिया कुकरेजा ने बताया कि महोत्सव में आयी 66 टीमें में से आर्य नगर की टीम ने टॉप 10 में स्थान लेते हुए मंच पर शानदार प्रदर्शन किया। मंच पर उपस्थित निर्णायक मंडल ने छात्राओं द्वारा बनाई गई टाई एवं डाई के कुर्ते, सूट, दुप्पटे, पोटली बैग, हुडी आदि की ख़ूब तारीफ़ की तथा उन्हें बिज़नेस को आगे बढ़ाने के कई सुझाव भी दिए। प्रदर्शनी में रंग रिवाज़ टीम के उत्पादों ने सभी अधिकारियों तथा दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी छात्रा अनामिका के आईडिया के विवरण की तारीफ़ की तथा सभी छात्राओं व शिक्षिका सोनिया को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



**हिसार।** कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

---

हनुमान मंदिर में श्रीराम की बाल लीलाओं का सुनाया प्रसंग

# बच्चों को संस्कारवान बनाना आवश्यक: शशि शेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नागोरी गेट स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर में आयोजित भव्य नवदिवसीय श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भाव-विभोर कर देने वातावरण में संपन्न हुआ। कथा व्यास पूज्य पंडित शशिशेखर महाराज के श्रीमुख से भगवान श्रीराम की बाल लीला का सजीव, मार्मिक एवं प्रेरणादायक वर्णन हुआ, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। कथा के चतुर्थ दिवस मंदिर परिसर में भारी संख्या में पहुंचे महिला, पुरुष, वृद्ध, युवा एवं बच्चों ने बड़ी श्रद्धा के साथ कथा श्रवण किया। पूरे परिसर में 'जय श्रीराम' के जयघोष गूंजते रहे और भक्ति का अलौकिक वातावरण बना रहा। कथा पूजन अंकित गर्ग व इप्सा गर्ग द्वारा किया गया। पूज्य शशिशेखर महाराज ने बाल लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए संस्कार, मर्यादा और आदर्श का संदेश हैं।




**हिसार।** कथा को संबोधित करते शशि शेखर महाराज एवं उपस्थित श्रद्धालुजन।

#### बच्चों में धर्म की भावना जरूरी

शशिशेखर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि आज के समय में बच्चों को श्रीराम की बाल लीलाओं से संस्कारवान बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को रामकथा, रामचरितमानस और भारतीय संस्कृति से जोड़ें, जिससे भावी पीढ़ी संस्कारित और राष्ट्रभक्त बने। कथा में मुख्य रूप से विनोद गर्ग, हकीकत गोयल, दीन दयाल, बजरंग जिंदल, प्रवीन गुप्ता, राजेश गोयल, राम, मंदिर समिति के अरविंद गुप्ता व कुलदीप ग्रोवर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### आदिल और चित्रा चुने गए सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

**आदमपुर।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उकलाना थाना प्रभारी कुलदीप सिंह रहे। कार्यक्रम अधिकारी राममूर्ति सिहाग ने अपने संबोधन में शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी दी। छात्रों में आदिल व छात्राओं में चित्रा को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### स्वास्थ्य कर्मचारी 16 को लगाएंगे रक्तदान शिविर

**हिसार।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन सीसवाल के वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर मानवता सर्वोपरि के संदेश को लेकर ब्लॉक कार्यकारिणी की अहम बैठक ब्लॉक प्रधान नितिन चौधरी की अध्यक्षता में की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि सीएचसी सीसवाल के अंतर्गत 42 गांवों के तमाम श्रेणियों के स्वास्थ्य कर्मचारी, चिकित्सक स्वैच्छिक रक्तदान करके लगभग 100 यूनिट एकत्रित कर जरूरतमंदों की मदद करेंगे। इसके लिए एसोसिएशन पदाधिकारियों ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अस्मिता चौधरी को आवेदन पत्र का ज्ञापन सौपा।




### शिक्षकों को रेमेडियल टीचिंग का प्रशिक्षण

**नारनौंद।** निपुण हरियाणा कार्यक्रम के तहत फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार की उपस्थिति में 177 शिक्षकों ने भाग लिया और बुनियादी कौशल को मजबूत करने के लिए रेमेडियल कार्य करने का तरीका सीखा। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को हिंदी विषय में विभिन्न स्तर के बच्चों के साथ प्रभावी ढंग से काम करने का तरीका सिखाया गया।

### नववर्ष पर ऑनलाइन काव्य गोष्ठी हुई

**हिसार।** महिला काव्य मंच की हिसार इकाई द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। हिसार इकाई की अध्यक्ष पूनम मनचंदा ने काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता की। कवयित्री सीमा शर्मा ने अपनी खूबसूरत रचना 'आशा की किरणें हैं कहती, रहना अब खुशहाल, मूर्त रूप संकल्पों को दो, आया है नव साल' के माध्यम से सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

## सेक्टरों की समस्याओं पर किया मंथन

# सीवरेज जाम व बरसाती नालों की सफाई न होने से परेशानी

**मंथन के बाद मेयर पोपली ने एचएसवीपी अधिकारियों को जल्द समाधान के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। समस्याओं पर विचार-विमर्श करते मेयर, पार्षद व अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

शहर के सेक्टरों से जुड़ी सीवरेज, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं बारे एचएसवीपी विभाग की नगर निगम कार्यालय में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ-साथ नगर निगम के पार्षद और पार्षद प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य शहर के विभिन्न सेक्टरों में आ रही समस्याओं पर चर्चा कर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक में एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता भूपेन्द्र सिंह, एसडीओ अनूप सिंह व नरेंद्र सिंह के अलावा पार्षद मनोहर लाल, जगमोहन मित्तल, डॉ. सुमन यादव, हरिसिंह सैनी, राजेन्द्र बिडलान, रवि सैनी, राजेश अरोड़ा, मोहित सिंघल, संजय डालमिया, भीम महाजन सहित कई पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सभी पार्षदों व प्रतिनिधियों ने अपने-अपने वार्डों के अंतर्गत आने वाले सेक्टरों में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज जाम, बरसाती नालों की सफाई और खाली प्लॉटों में उगी झाड़ियों जैसी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा और जल्द समाधान की मांग की।

**दूषित पेयजल की भी आ रही समस्या**

पार्षदों ने बताया कि कई क्षेत्रों में सीवरेज लाइनें बार-बार जाम हो जाती हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं कुछ सेक्टरों में दूषित पेयजल की शिकायतें भी सामने आई हैं। इस पर मेयर प्रवीण पोपली ने एचएसवीपी अधिकारियों को सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिंदल चौक से जिंदल पुल तक बरसाती नाले की सफाई का कार्य प्रगति पर है, जबकि जिंदल अस्पताल रोड पर बरसाती लाइन की सफाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। दूषित पेयजल की शिकायतों पर अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही तकनीकी जांच कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। साथ ही कुछ सेक्टरों में पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। इसके अलावा पार्षदों ने खाली प्लॉटों में झाड़ियों और बरसात के समय जलभराव की समस्या बताई, जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र सफाई अभियान चलाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आगामी बरसात से पहले सभी सेक्टरों में सीवरेज और बरसाती नालों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

# वन मित्रों को स्थाई रोजगार देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**गड्ढे खोदने के 20 रुपये व पेड़ लगाने के 30 रुपये मिलते हैं, वन मित्रों ने एसीएस सुधीर राजपाल से गुहार लगाई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। वन विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल को चंडीगढ़ में ज्ञापन देता वन मित्रों का प्रतिनिधिमंडल ।

अपनी मांगों को लेकर वन विभाग में वन मित्र योजना के तहत भर्ती वन मित्रों ने गुरुवार को विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वन मित्रों ने बताया कि पूर्व सीएम मनोहल लाल के कार्यकाल में वन विभाग में वन मित्रों की नियुक्त की गई थी। जिनका कार्य गांव व आसपास के क्षेत्र में पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना था, लेकिन अब इन वन मित्रों की संख्या मात्र 627 रह गई है। ये अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय है। वन मित्रों ने बताया कि सरकार की योजना के तहत उन्हें गड्ढे खोदने के 20 रुपये तथा 30 रुपये पेड़ लगाने के मिलते हैं। इसमें परिवार का गुजारा पर्याप्त नहीं है। पेड़-पौधे संभालने की जिम्मेवारी का कार्य बहुत ही कठिन है और वन मित्रों को कोई पहचान नहीं है। उनके पास पहचान पत्र तक नहीं है। वन मित्रों ने सरकार से अनुरोध किया कि उन्हें स्थाई रोजगार तथा वन विभाग में उचित पहचान दी जाए। इसके अलावा पौधरोपण में आ रही दिक्कतों के बारे में भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर सुमित, संदीप कुमार, पवन कुमार मौजूद थे।

# रेडक्रॉस सोसायटी ने प्रशिक्षणार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम में हिस्सा लेते प्रशिक्षणार्थी।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसायटी में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों के लिए सडक़ सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देना और सुरक्षित सडक़ व्यवहार के प्रति जागरूक करना था। सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण से परिवहन निरीक्षक हरमिन्द्र सिंह ने यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग न करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की आवश्यकता पर जोर दिया। नागरिक अस्पताल से काउंसलर राहुल शर्मा ने सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाली सामान्य व गंभीर चोटों, प्राथमिक उपचार की भूमिका तथा दुर्घटना के बाद समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से जीवन बचाने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी विनोद कुमारी, बाल कल्याण अधिकारी सुनीता यादव, डॉ एसके भास्कर, कुलदीप, शमशेर कुण्डु सहित अन्य रेडक्रॉस कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नकुल ने मिस्टर और नितिन ने मिस फेयरवेल का खिताब जीता

- महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल, भिवानी रोहिल्ला में गुरुवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक डॉ. नीलम प्रभा एवं कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. शमीम शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधक डॉ. अजीज़ प्रधान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, मधुर संगीत और प्रभावशाली मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल का खिताब नकुल को तथा मिस फेयरवेल का खिताब नितिन को प्रदान किया गया। मिस्टर पर्सनैलिटी का खिताब कशिश, मिस पर्सनैलिटी का खिताब अनिशा, मिस्टर चार्मिंग का खिताब आयुष तथा मिस चार्मिंग का खिताब प्रियंका को मिला।

# विधायक भयाना की संपत्ति की जांच हो : सोरखी

- विधायक आप जिला अध्यक्ष के आरोप- पद का दुरुपयोग कर विकसित की कॉलोनियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



हांसी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते आप जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी।

आम आदमी पार्टी ने हांसी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक विनोद भयाना एवं उनके परिजनों को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए। गुरुवार को हांसी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी हांसी जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी ने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध चुनावी शपथ-पत्रों, समाचार रिपोर्टों और हरेरा की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज तथ्यों के अनुसार विधायक विनोद भयाना व उनके परिजन हांसी, बरवाला, सिरसा, फतेहाबाद सहित अन्य क्षेत्रों में कई बड़ी रियल एस्टेट परियोजनाओं से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक ने अपने पद का दुरुपयोग कर कॉलोनियां विकसित की गईं और अवैध प्लॉटों को वैध बताकर आम जनता को गुमराह किया गया। आम आदमी पार्टी ने हरेरा, टाउन प्लानिंग और म्युनिसिपल विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

आम आदमी पार्टी ने मांग की कि विधायक विनोद भयाना और उनके परिजनों की चल-अचल संपत्तियों, आय के स्रोतों, आयकर रिटर्न, चुनावी शपथ-पत्रों और हरेरा में पंजीकृत व गैर-पंजीकृत सभी परियोजनाओं की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच कराई जाए।

**एसडीएम को जांच के लिए ज्ञापन सौंपा**

पत्रकार वार्ता के उपरांत आप नेता राजेंद्र सोरखी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक विनोद भयाना की पारिवारिक आय व्यय की जांच हेतु जिला उपायुक्त डॉ राहुल नरवाल सहित विभिन्न जांच एजेंसियों के नाम का एसडीएम राजेश खोथ को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन, हल्का अध्यक्ष रमेश पानू, जिला सोशल मीडिया इंचार्ज गगनदीप सिंह,अजय शास्त्री, अजय कल्याण, राजेंद्र राणा, सचिन शर्मा, कुलदीप शर्मा, सुरेश दूल व सत्यपाल आदि सहित कई अन्य उपस्थित थे।




हिसार। विद्यार्थियों को जागरूक करती पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** ट्रैफिक पुलिस की ओर से जनवरी माह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जहाजपुल स्थित गवर्मेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे एनएसएस कैंप के दौरान यातायात जागरूक पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस टीम से एएसआई कमल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व, दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से होने वाले दुष्परिणाम, नशे की हालत में वाहन न चलाने, पैदल यात्रियों के नियमों एवं ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करने संबंधी आवश्यक जानकारी विस्तारपूर्वक दी। कार्यक्रम में स्कूल के एनएसएस इंचार्ज अध्यापक, स्कूल स्टाफ, गांव खैरी स्थित सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल, नशा मुक्ति जागरूक पुलिस टीम हिसार एवं यातायात जागरूक पुलिस टीम हिसार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# होटल की भट्टी की राख खुले में डालने पर किए चार दुकानदारों के चालान

- एएमसी डॉ. प्रदीप हुड्डा ने किया स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते प्रदीप हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

शहर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने सेक्टर 15 मार्केट में स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद राजेश अरोड़ा, आरडब्ल्यूए के प्रधान योगराज, एएसआई सरोज, एएसआई सन्नी सहित कर्मचारी व मार्केट के दुकानदार मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त ने सेक्टर 15 मार्केट में दुकानदार व क्षेत्रवासियों को अपने घर, दुकान या संस्थान में गीला कचरे के लिए हरा, सूखे कचरे के लिए नीला व हानिकारक कचरे के लिए भी अलग से डस्टबिन लगाए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने होटल की भट्टी की राख खुले में डालने पर एएसआई को चालान करने के निर्देश दिए। इस दौरान चार होटल के चालान किए गए और उन्हें भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी भी दी गई।

# शिवम को एफ्लुएंस डिजिटल सॉल्यूशंस में मिली प्लेसमेंट

- सॉफ्टवेयर क्वालिटी एश्योरेंस इंजीनियर के पद पर चयनित हुआ शिवम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



शिवम।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से एफ्लुएंस डिजिटल सॉल्यूशंस के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कार्यक्रम के शिवम कुमार को प्लेसमेंट मिला है। चयनित विद्यार्थी को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर बहुत गर्व व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ऐसी सफलताएं विश्वविद्यालय के के इंडस्ट्री-अलाइनड एकेडमिक स्ट्रक्चर, अनुभवी संकाय और मजबूत आधारभूत ढांचा का प्रमाण हैं। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी चयनित विद्यार्थी को बधाई दी और उनके समर्पण, अनुशासन और लगातार प्रयासों की सराहना की। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक सीएसई, आईटी व सीएसई-एआईएमएल कार्यक्रम के 56 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# उपभोक्ता शिकायत निवारण में देरी पर लापरवाही स्वीकार नहीं : एमडी

- सीजीआरएफ आदेशों का 21 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पालन होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



विक्रम सिंह, प्रबंध निदेशक, डीएचबीवीएन।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण, सीजीआरएफ, ओम्बुड्समैन एवं एचईआरसी आदेशों के समयबद्ध अनुपालन तथा अदालती मामलों की प्रभावी पैरवी को लेकर व्यापक और सख्त स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी की है। यह कदम हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) द्वारा शिकायतों के निस्तारण और आदेशों की अनुपालना में तीव्रता लाने के लिए उठाया गया है। निगम द्वारा जारी सेल्स इंस्ट्रक्शन के अनुसार अब उपभोक्ता शिकायतों का पंजीकरण केवल डीएचबीवीएन के सीजीआरएफ आईटी पोर्टल के माध्यम से होगा और शिकायत की राशि के अनुसार उसका स्वतः संबंधित फोरम में आवंटन किया जाएगा। किसी भी प्रकार की मैनुअल या गैर-वैधानिक प्रक्रिया को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नई एसओपी के तहत सीजीआरएफ, ओम्बुड्समैन एवं एचईआरसी के आदेशों का 21 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। आदेश की प्राप्ति से लेकर अनुपालन रिपोर्ट अपलोड करने तक प्रत्येक स्तर पर उप मंडल अधिकारी, कार्यकारी अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता की जिम्मेदारी और समयसीमा स्पष्ट रूप से तय की गई है।

## हकृवि में दो दिवसीय एएसएलआईपी कॉन्क्लेव शुरू

# पुस्तकालय ज्ञान सृजन, नवाचार और सहयोग के केंद्र

*देश भर के विभिन्न संस्थानों के लगभग 200 प्रतिभागी भाग ले रहे*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार




हिसार। पुस्तिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि प्रो. इन्द्र मणी व अन्य।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय की ओर से एसोसिएशन ऑफ सीनियर लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन प्रोफेशनल्स के सहयोग से 'कोलब्रेटिव इंटेलिजेंसः बिल्डिंग स्मार्टर लाइब्रेरीज़ टुगेदर' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय एएसएलआईपी कॉन्क्लेव-2025 का शुभारंभ हुआ। कॉन्क्लेव के उदघाटन सत्र के दौरान वसंतराव नाइक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ, परभणी, महाराष्ट्र के कुलपति प्रो. इन्द्र मणी मुख्य अतिथि रहे। कॉन्क्लेव में एएसएलआईपी के अध्यक्ष डॉ. आरपी कुमार, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के पूर्व उपनिदेशक एवं मुख्य वक्ता डॉ. सुखदेव सिंह व एएसएलआईपी के सचिव डॉ. राज कुमार उपस्थित रहे। कॉन्क्लेव में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों के लगभग 200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के विशेषज्ञ, विद्यार्थी, शोधार्थी, आईटी एवं उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हैं।

प्रो. इन्द्र मणी ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में पुस्तकालय केवल सूचना के भण्डार नहीं बल्कि ज्ञान सृजन, नवाचार और सहयोग के केंद्र बनते जा रहे हैं। स्मार्ट पुस्तकालयों के निर्माण के लिए सहयोगात्मक बुद्धिमत्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। पुस्तकालय अब केवल पुस्तकालयों के संग्रह तक सीमित नहीं रहें हैं।

**स्मारिका तथा एएसएलआईपी कैलेंडर का विमोचन**

कॉन्क्लेव में हकृवि के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राजीव के पटेरिया ने सभी का स्वागत करते हुए दो दिवसीय कार्यक्रम की रुपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सीमा परमार ने कार्यक्रम में धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जबकि डॉ. कनिका रानी ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर पूर्व पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. बलवान सिंह सहित कुलसचिव, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।